EKAL ABHIYAN
A PEOPLE'S MOVEMENT

# एकल संदेश

एकल विद्यालय
Bharat Lok Shiksha Parishad

त्रैमासिक
32 वां संस्करण

भारत लोक शिक्षा परिषद्

IQCS IRQAO
Registered Under IICA
ISO 9001:2015 (QMS)

अप्रैल – जून, 2026



## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भारत लोक शिक्षा परिषद् उत्तरी दिल्ली चैप्टर महिला विभाग द्वारा विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में भारत लोक शिक्षा परिषद् उत्तरी दिल्ली चैप्टर महिला विभाग द्वारा 19 जून 2026 को एक विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन एकल भवन, पीतमपुरा, दिल्ली में किया गया, जिसमें लगभग 150 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन, मानसिक शांति एवं आध्यात्मिक जागरुकता का संदेश देना और योग के प्रति उन्हें जागरूक करना था।




कार्यक्रम में राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी ने उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए योग का दैनिक जीवन में क्या महत्त्व है इसके बारे में बताया। उन्होंने वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से अष्टांग योग की विस्तृत जानकारी भी दी।

एकल नर्सरी स्कूल के बच्चों ने म्यूजिकल योगा करके सभी को आनंदित कर दिया।

उत्तरी दिल्ली चैप्टर महिला विभाग की प्रधान श्रीमती साधना गुप्ता जी ने भारत सरकार द्वारा निर्धारित कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार उपस्थित सभी लोगों को विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने योगाभ्यास के दौरान प्रत्येक आसन की विधि एवं उसके स्वास्थ्य संबंधी लाभों को सरल एवं सहज रूप से समझाया।

कार्यक्रम में पदाधिकारी एकल भवन के स्टाफ, एकल नर्सरी स्कूल के बच्चे एवं अन्य लोग भी शामिल हुए।



# रोटरी क्लब के सहयोग से एकल अभियान को मिली नई ऊर्जा, 8,500 ब्लैक बोर्डों से लगभग 2 लाख बच्चों तक पहुँचेगा ज्ञान का प्रकाश




नेशनल स्पोर्ट्स क्लब, नई दिल्ली में रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली यूनिवर्सिटी एवं दिल्ली अशोका डिस्ट्रिक्ट 3012 द्वारा 24 जून 2026 को एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें एकल अभियान के गणमान्य बंधुओं, रोटरी सदस्यों तथा समाज के अनेक प्रतिष्ठित नागरिकों सहित लगभग 70 लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रोटरी द्वारा भारत लोक शिक्षा परिषद, एकल अभियान के विद्यालयों के लिए 8,500 ब्लैक बोर्डों प्रदान करना था। यह सहयोग केवल शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण एवं वनवासी क्षेत्रों में शिक्षा के विस्तार और सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।







कार्यक्रम में राष्ट्रीय चेयरमैन श्री नीरज रायजादा जी ने एकल अभियान की विस्तृत प्रस्तुति देते हुए शिक्षा, ग्राम विकास, स्वावलंबन और संस्कार निर्माण के क्षेत्र में अभियान द्वारा किए जा रहे कार्यों से उपस्थित जनों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि एकल अभियान केवल शिक्षा का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की मुख्यधारा पहुँचाने का सशक्त प्रयास है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रधान श्री अखिल गुप्ता जी ने रोटरी परिवार के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन तभी संभव है, जब सेवा के लिए समर्पित संस्थाएँ एक-दूसरे के साथ मिलकर कार्य करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि रोटरी का यह सहयोग लाखों बच्चों के भविष्य को नई दिशा प्रदान करेगा।

# भारत लोक शिक्षा परिषद् दक्षिणी दिल्ली चैप्टर द्वारा चंबा, हिमाचल प्रदेश की वनयात्रा



भारत लोक शिक्षा परिषद् दक्षिणी दिल्ली चैप्टर द्वारा 14 मई से 17 मई 2026 तक हिमाचल प्रदेश के संभाग- उत्तर हिमाचल, भाग चंबा में एक प्रेरणादायी एवं सफल वनयात्रा का आयोजन किया गया। इस चार दिवसीय वनयात्रा में दक्षिणी दिल्ली चैप्टर के 28 वनयात्रियों ने भाग लिया।

सभी वनयात्री दिल्ली से पठानकोट पहुंचें जहाँ पर नूरपुर अंचल समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पमालाओं के साथ आत्मीय स्वागत किया गया। पठानकोट से सभी वनयात्री चंबा के बनीखेत के लिए रवाना हुए। मार्ग में प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेते हुए यात्रियों ने बोटिंग का अनुभव प्राप्त किया तथा प्रसिद्ध भलेई माता मंदिर में दर्शन किए। यात्रा के दूसरे दिन सभी वनयात्री भरमौर पहुँचे. यात्रियों ने भरमौर के प्रसिद्ध 84 मंदिर समूह के दर्शन किए और मंदिर परिसर में आयोजित सत्संग कथा का आनंद लिया। इसके उपरांत वनयात्रियों ने मेहला गाँव स्थित एकल विद्यालय को देखा। विद्यालय में ग्राम समिति द्वारा सभी अतिथियों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। बच्चों ने आचार्य भारती देवी के निर्देशन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्हें उपस्थित वनयात्रियों ने खूब सराहा। वनयात्रियों द्वारा बच्चों को मिठाई, पेन, कॉपी एवं कलर किट वितरित की गई।

तीसरे दिन खज्जियार एवं चंबा भ्रमण के दौरान समिति पदाधिकारियों के साथ समन्वय बैठक आयोजित की गई, जिसमें एकल अभियान के विस्तार एवं ग्रामीण विकास पर चर्चा हुई। साथ ही राजनगर एवं ग्राम काहलो स्थित एकल विद्यालयों का प्रवास कर विद्यार्थियों की गतिविधियों का अवलोकन किया गया। वनयात्रा के अंतिम दिन सभी वनयात्रियों ने डलहौज़ी भ्रमण किया एवं वहाँ के प्राकृतिक वातावरण का आनंद लिया।

यह वनयात्रा शिक्षा, संस्कार, ग्राम विकास एवं संगठनात्मक समन्वय का जीवंत अनुभव सिद्ध हुई। वनयात्रियों ने देवी दर्शन, समिति बैठकों, कार्यकर्ताओं से संवाद एवं एकल विद्यालयों के प्रवास के माध्यम से ग्रामीण भारत की वास्तविकता को निकट से समझा तथा एकल अभियान के सेवा कार्यों को और अधिक मजबूती से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।



# भारत लोक शिक्षा परिषद् कानपुर चैप्टर चैप्टर द्वारा वनयात्रा



कानपुर चैप्टर द्वारा 17 मई 2026 को संच-बर्राजिपुर के विद्यालय ग्राम-मोहाई बगिया में वनयात्रा कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

वनयात्रा का मुख्य उद्देश्य नए लोगों को एकल विद्यालय अभियान से जोड़ना, उन्हें ग्रामीण शिक्षा के महत्व से अवगत कराना तथा समाज सेवा के लिए प्रोत्साहित करना है।

ग्राम प्रमुख श्रीमती अल्का जी एवं समिति सदस्यों द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। बच्चों ने पहाड़े, बालगीत, गुणा, चौपाई एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने अपने भविष्य के सपनों को साझा करते हुए डॉक्टर, इंजीनियर एवं पुलिस अधिकारी बनने की इच्छा व्यक्त की।

वनयात्रा में 25 बच्चों ने भाग लिया। दानदाताओं द्वारा बच्चों को चॉकलेट, बिस्किट एवं अन्य सामग्री वितरित की गई। ग्राम समिति एवं हनुमान परिवार के सदस्यों के सहयोग की सराहना की गई। डॉ. अनुराधा वार्ष्णेय जी ने सभी हनुमान परिवारों से अपने घरों पर ध्वज लगाने एवं प्रत्येक मंगलवार हनुमान चालीसा पाठ करने का आग्रह किया।





कार्यक्रम की अध्यक्षता कानपुर चैप्टर के महामंत्री श्री ध्रुव कुमार रुईया जी ने की। इस अवसर पर चैप्टर अध्यक्ष डॉ. अनुराधा वार्ष्णेय जी के प्रयास से नई सदस्य श्रीमती हेमलता साहू जी भी उपस्थित रहीं। उन्होंने एकल विद्यालय की गतिविधियों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की।

कार्यक्रम में चैप्टर सह-सचिव श्री अभिषेक गुप्ता जी, श्रीमती नीलम रुईया जी, श्रीमती माला वैश जी, बर्राजिपुर संच प्रमुख श्रीमती अंजू गर्ग जी, आशीष जी, संभाग महिला प्रमुख प्रतीक्षा जी एवं संच प्रमुख दिशा जी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी एवं राष्ट्रीय महिला विभाग की राष्ट्रीय उपप्रधान श्रीमति माधुरी अग्रवाल जी द्वारा भिवानी हरियाणा में GRC Sui सेंटर का प्रवास




राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी एवं राष्ट्रीय महिला विभाग की राष्ट्रीय उपप्रधान श्रीमति माधुरी अग्रवाल जी द्वारा भिवानी हरियाणा में GRC Sui सेंटर का प्रवास दिनांक 15.06.2026 को किया गया। प्रवास के दौरान सिलाई सेंटर, कंप्यूटर सेंटर और EOW का भी अवलोकन किया गया और उनकी प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। सेंटर बहुत अच्छा व्यवस्थित और सुचारू रूप से चल रहा है। हमारे सभी ट्रेनर एवं कार्यकर्ता अच्छी तरह काम कर रहे हैं।

प्रवास का मुख्य उद्देश्य समिति बंधुओं और कार्यकर्ताओं से संबंध और समन्वय बनाने के साथ-साथ उनको सक्रिय करना और राष्ट्र चर्चा था।







भिवानी क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं और कोऑर्डिनेटर की एक बैठक की गई जिसमें लगभग 50 कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**अनुभव –**

भिवानी (हरियाणा) स्थित GRC सुई सेंटर के प्रवास के दौरान सिलाई केंद्र, कंप्यूटर केंद्र एवं EOW गतिविधियों का अवलोकन करने का अवसर मिला। यह देखकर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि सभी केंद्र सुव्यवस्थित, अनुशासित एवं प्रभावी ढंग से संचालित हो रहे हैं। प्रशिक्षकों एवं कार्यकर्ताओं की समर्पित कार्यशैली तथा लाभार्थियों का उत्साह इस सेवा कार्य की सफलता का प्रमाण है। विश्वास है कि यह केंद्र आगे भी समाज के सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देता रहेगा।

# राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी, एवं राष्ट्रीय महिला विभाग की राष्ट्रीय उपप्रधान श्रीमति माधुरी अग्रवाल द्वारा रांची झारखंड में GRC करंजो सेंटर का प्रवास






श्री राजीव अग्रवाल, राष्ट्रीय महामंत्री एवं श्रीमति माधुरी अग्रवाल जी द्वारा रांची झारखंड में GRC करंजो सेंटर का प्रवास दिनांक 28.06.2026 को किया गया। प्रवास के दौरान हल्दी उत्पाद, सिलाई सेंटर ,कंप्यूटर सेंटर, लाइब्रेरी, ऑर्गेनिक खेती, बढ़ईगिरी, आरोग्य भवन, विद्यालय , गौशाला , खेती बाड़ी ,सभी कुछ बहुत ही व्यवस्थित रूप में देखने को मिला। हथकरघा सेंटर पहली बार देखने को मिला।

सेंटर बहुत अच्छा व्यवस्थित और सुचारु रूप से चल रहा है। हमारे सभी ट्रेनर एवं कार्यकर्ता अच्छी तरह काम कर रहे हैं। महिला समिति सशक्त रूप से कार्य कर रही है। आचार्य का प्रशिक्षण वर्ग भी चल रहा था उन्हें सफेद लाल वेशभूषा साड़ी में देखकर बहुत अच्छा लगा।

प्रवास का मुख्य उद्देश्य समिति बंधुओं और कार्यकर्ताओं से संबंध और समन्वय बनाने के साथ-साथ उनको सक्रिय करना और राष्ट्र निर्माण के कार्यों पर चर्चा करना था। सभी कार्यकर्ताओं, महिला समिति और कोऑर्डिनेटर की एक बैठक भी की गई।



# राष्ट्रीय प्रधान श्री अखिल कुमार गुप्ता जी एवं राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल द्वारा कानपुर चैप्टर का प्रवास तथा परिवार मिलन



भारत लोक शिक्षा परिषद् के राष्ट्रीय प्रधान श्री अखिल कुमार गुप्ता जी एवं राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी ने दिनांक 2-3 जुलाई 2026 को BLSP कानपुर, उत्तर प्रदेश का प्रवास किया।

इस प्रवास का मुख्य उद्देश्य कानपुर में संगठनात्मक गतिविधियों की नींव को सुदृढ़ करना, चैप्टर को सुदृढ़ करना तथा स्थानीय नेतृत्व से मिलकर संवाद स्थापित करना था। प्रवास के दौरान परिवार मिलन, दानदाता मिलन एवं समिति एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की गई।

दिनांक 02.07.2026 को अंचल कानपुर की समीक्षा बैठक श्रीमति देविका मुखर्जी जी की अध्यक्षता में हेरिटेज होम में सम्पन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय प्रधान श्री अखिल कुमार गुप्ता जी, राष्ट्रीय महामंत्री श्री वार्ष्णेय जी, अध्यक्ष, श्री ध्रुव कुमार जी, महामंत्री, श्री अभिषेक गुप्ता, सह सचिव, डॉ उमेश पालीवाल, उपाध्यक्ष, श्रीमति संध्या गुप्ता, अध्यक्ष महिला विभाग, सात महिला विभाग की सदस्य एवं 18 कार्यकर्ता (2 संभाग से, 4 अंचल से और 15 संच से) उपस्थित रहे।

बैठक में संच समीक्षा एवं विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा की गई जैसे कि विद्यालय संचालन, गूगल फॉर्म उपस्थिति, सत्संग, सैनिक सम्मान, मेडिकल कैम्प,



ग्राम समिति रजिस्टर, पोषण वाटिका, वर्मिकम्पोस्ट, प्रभात फेरी, दीवार लेखन, हर गाँव में 20 हनुमान परिवार बनाना, एक वृक्ष लगाना, हर विद्यालय में प्रवास करना, 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा का कार्यक्रम करना आदि।

श्री अखिल गुप्ता जी राष्ट्रीय प्रधान ने कानपुर चैप्टर एवं महिला विभाग की सराहना करते हुए बधाई दी। श्री राजीव अग्रवाल जी राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा कि माननीय श्याम जी का सपना है कि हर ग्राम में ग्राम समिति मजबूत हो और गाँव को स्वावलंबी बनाएं जिससे एकल विद्यालय की आचार्यों का मानधन उसी गाँव से एकत्र हो सके। इस योजना पर एकल प्रयासरत है। डॉ उमेश पालीवाल जी ने कहा कि समिति एवं आचार्य अपने-अपने दायित्व का निर्वाह कर रहे हैं और नगर समिति एवं ग्राम समिति मिलकर कार्य कर रहे है। अंत में उन्होंने सभी का धन्यवाद किया।



# भारत लोक शिक्षा परिषद् को शैक्षणिक एवं सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में मिला प्रतिष्ठित सम्मान



भारत लोक शिक्षा परिषद् को शैक्षणिक एवं सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्यों के लिए अग्रवंश संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान दिनांक 11 मई 2026 को पीतमपुरा, दिल्ली में आयोजित "7वें अग्र संस्थाओं का सम्मान समारोह" में प्रदान किया गया।

भारत लोक शिक्षा परिषद् एकल अभियान के माध्यम से देश के ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा, संस्कार एवं स्वावलंबन के प्रसार के लिए निरंतर कार्य कर रही है। संस्था का उद्देश्य दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने के साथ-साथ उनमें भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करना है।

इस अवसर पर संस्था के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह सम्मान केवल भारत लोक शिक्षा परिषद् का नहीं, बल्कि उन लाखों बच्चों, आचार्यों, सेवाव्रती कार्यकर्ताओं, सहयोगियों एवं समर्थकों का सम्मान है, जो एकल अभियान के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के इस महान कार्य में निरंतर योगदान दे रहे हैं।



उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग और विश्वास से ही यह सेवा यात्रा निरंतर आगे बढ़ रही है। संस्था भविष्य में भी "शिक्षित, संस्कारित एवं स्वावलंबी भारत" के संकल्प के साथ शिक्षा और सामाजिक विकास के क्षेत्र में अपने प्रयासों को और अधिक प्रभावी रूप से आगे बढ़ाती रहेगी।

भारत लोक शिक्षा परिषद् ने इस सम्मान के लिए अग्रवंश संस्था एवं सभी सहयोगियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।



BLSP के ट्रस्ट बोर्ड के चेयरमैन एवं महाशतकवीर श्री लक्ष्मी नारायण गोयल जी को उनके वैवाहिक वर्षगांठ के पुनीत अवसर पर BLSP टीम ने एकल दीप एवं फोटोफ्रेम देकर सम्मानित किया।

## Meeting with PSU/ Non PSU Companies Done & MOU Signed



**BPCL - May 2026**



**IIDL – April 2026**

# Ekal Spotlight

"भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा एकल विद्यालय अभियान के समर्पित दानदाताओं को सम्मानित करने हेतु 'डोनर स्पॉटलाइट वीडियो' पहल की शुरुआत की गई है।

इस नई पहल के माध्यम से उन प्रेरणादायी व्यक्तित्वों को सामने लाया जा रहा है, जिनके सहयोग से सुदूर ग्रामीण व जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा की अलख जल रही है।




एकल शिक्षा से अधिक संस्कारों का महत्व है, एकल अभियान बच्चों को यह सिखाता है कि हम अपनी संस्कृति एवं परंपराओं से जुड़े रहें । ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और संस्कारों का प्रसार करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि समाज जागरूक और सशक्त बन सके।




"आप अगर प्रेम देंगे, तो आपको प्रेम अवश्य मिलेगा।" प्रेम एक ऐसा अद्भुत बंधन है, जो मनुष्य को एक-दूसरे से जोड़ता है। मेरा अनुभव है कि हमने शायद बच्चों को जितना प्रेम दिया, उससे कहीं अधिक प्रेम हमें एकल के बच्चों से वापस मिला है।




हमें अपने बच्चों को जितने अच्छे संस्कार देने चाहिए, शायद उतने नहीं दे पा रहे हैं। लेकिन एकल विद्यालयों में बच्चों को जो संस्कार, शिक्षा और जीवन मूल्य दिए जा रहे हैं, उससे बेहतर कार्य भारत के भविष्य निर्माण के लिए शायद ही कुछ हो सकता है।




अक्सर हमारे देश में ऐसे कई बच्चे रहे हैं, जो किसी कारणवश विद्यालयों में अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते और बीच में ही शिक्षा छोड़ देते हैं। ऐसे बच्चों के लिए एकल अभियान एक बहुत बड़ा और महत्वपूर्ण प्रयास है, जो उन्हें शिक्षा से जोड़ने का कार्य कर रहा है।




जिन बच्चों ने कभी शिक्षा प्राप्त करने का सपना भी नहीं देखा था, आज वे एकल के माध्यम से शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, आगे बढ़ रहे हैं और अपने जीवन में नए अवसरों का निर्माण कर रहे हैं।

**BLSP Ekal Spotlight Top 5 Views (BLSP + Ekal Bharat)**

| S.No | Name | Total Views (Youtube+Facebook +Instagram) |
|---|---|---|
| 1 | Sh. Rajiv Aggarwal & Smt. Madhuri Aggarwal | 27,192 |
| 2 | Dr. Nand Kishor Garg | 14,232 |
| 3 | Dr. Raj Chawla | 10,695 |
| 4 | Sh. Jai Prakash Aggarwal | 9,079 |
| 5 | Sh. Rakesh Bandhu | 8,336 |

## Success Stories



**नाम :** प्रमिला यादव
**ग्राम :** अतहरापार
**संच :** चोलापुर

**मेरा प्रेरणादायी सफर – एकल परिवार के साथ**

मुझे संच **चोलापुर** के अंतर्गत **01 मार्च 2015** से एकल विद्यालय में **आचार्या** के रूप में कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

एकल से मिली प्रेरणा के आधार पर मैंने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से निरंतर जनसंपर्क और सामाजिक कार्य किए।

आचार्या के रूप में कार्य करते हुए, स्वयं सहायता समूह के माध्यम से मुझे **चोलापुर ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र** में **उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी की जननी सुरक्षा योजना** के अंतर्गत **आशा बहू** के दायित्व का निर्वहन करने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह अवसर मेरे लिए अत्यंत प्रेरणादायक और गौरवपूर्ण रहा।

मैं इस उपलब्धि का श्रेय **एकल परिवार** को देती हूँ, जिसने मुझे सेवा, संस्कार और समाज के प्रति समर्पण का मार्ग दिखाया। इसके लिए मैं एकल परिवार के प्रत्येक सदस्य के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ।

वर्ष **2019** में मुझे अंचल **लक्ष्मीनगर** के अंतर्गत संच **बघरा** में एकल विद्यालय की **आचार्या** बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

एकल अभियान से जुड़ने के बाद मेरे जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आए। विद्यालय में बच्चों को शिक्षा एवं संस्कार देने के साथ-साथ मैंने अपनी पढ़ाई भी जारी रखी। मेरी मेहनत और एकल अभियान से मिली प्रेरणा के फलस्वरूप **दिसंबर 2025** में मेरा चयन **बिजली विभाग** में हुआ। इस सफलता का श्रेय मैं अपने परिवार के साथ-साथ एकल अभियान को भी देती हूँ, जिसने मुझे संस्कार, आत्मविश्वास और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

आज भी मैं एकल अभियान से जुड़ी हूँ और समाज व राष्ट्र निर्माण के इस पावन कार्य में अपना सहयोग निरंतर देती रहूँगी।



**नाम :** काजल
**ग्राम :** कुटबा
**संच :** बघरा
**अंचल :** लक्ष्मीनगर



**नाम :** शिवानी सिंह
**ग्राम**: पूराजसु
**अंचल:** कानपुर नगर

मेरा नाम शिवानी सिंह है। मैं ग्राम पूराजसु, पोस्ट पचोर, मंधना, जनपद कानपुर नगर की निवासी हूँ। मुझे गर्व है कि मैंने वर्ष 2018-2019 तक एकल अभियान में आचार्या के रूप में कार्य करते हुए संगठन के उद्देश्यों में अपना छोटा सा योगदान दिया।

एकल परिवार से जुड़कर मेरे जीवन में अनेक सकारात्मक परिवर्तन आए। मेरी जीवनशैली, भाषा, संस्कृति एवं संस्कार अधिक सुदृढ़ हुए। आज मैं उत्तर प्रदेश पुलिस में कार्यरत होकर देश सेवा में अपना योगदान देने का प्रयास कर रही हूँ। मेरी इस सफलता में एकल अभियान का अतुलनीय योगदान रहा है। एकल ने मुझे आत्मविश्वास, संस्कार और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी, जिसके लिए मैं हृदय से संपूर्ण एकल परिवार का आभार व्यक्त करती हूँ।

## संपादक की कलम से.....



सुनील गुप्ता
राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री
भारत लोक शिक्षा परिषद्
एकल अभियान

आज जब भारत विश्व पटल पर अपनी नई पहचान स्थापित कर रहा है, तब यह भी आवश्यक है कि हमारी आने वाली पीढ़ियाँ अपनी संस्कृति, सनातन मूल्यों और राष्ट्र की गौरवशाली विरासत से गहराई से जुड़ी रहें। यदि शिक्षा के साथ संस्कार और राष्ट्रभाव का संचार नहीं होगा, तो विकास अधूरा रह जाएगा। इसी संकल्प को साकार करने के लिए एकल अभियान देश के दूरस्थ ग्रामीण एवं वनवासी क्षेत्रों में शिक्षा, संस्कार और सामाजिक जागरण का अलख जगा रहा है।

एकल का प्रत्येक विद्यालय केवल बच्चों को शिक्षा ही नहीं देता, बल्कि उनमें संस्कार, आत्मविश्वास और राष्ट्रभाव का भी निर्माण करता है।

आइए, एकल अभियान से जुड़ें। आपका सहयोग किसी एक बच्चे का नहीं, बल्कि पूरे गाँव के उज्ज्वल भविष्य का आधार बन सकता है। अपना सहयोग देकर सशक्त, संस्कारित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहभागी बनें।



## GANDHI PEACE PRIZE-2017

Presented to Ekal Abhiyan by
The President of India Shri Ram Nath Kovind &
Prime Minister of India Shri Narender Modi

## एकल विद्यालय के लिए सहयोग

| आईये अपने सपनों का भारत बनायें और स्वावलंबी, स्वाभिमानी भारत के नागरिक होने का गौरव प्राप्त करें। | |
|---|---|
| एक एकल विद्यालय | ₹ 30,000/- वार्षिक |
| 50 एकल विद्यालय (परमवीर) | ₹ 15,00,000/- वार्षिक |
| 100 एकल विद्यालय (शतकवीर) | ₹ 30,00,000/- वार्षिक |
| 1000 एकल विद्यालय (महाशतकवीर) | ₹ 30,000,000/- वार्षिक |

भारत लोक शिक्षा परिषद् भारत सरकार के कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (IICA) के अंतर्गत CSR दान के लिए सूचीबद्ध है।

DONATE NOW

### एकल विद्यालय में सीधे दान हेतु सम्पर्क करें-

**Only For 80G:**
Bharat Lok Shiksha Parishad
A/C No: 467902050000186
Union Bank of India
Shalimar Bagh, Delhi
IFSC Code: UBIN0546798

**Only for CSR:**
Bharat Lok Shiksha Parishad
A/C NO : 467902010123677
Union Bank Of India
Shalimar Bagh, Delhi
IFSC code: UBIN0546798

आपके द्वारा एकल के लिए किए गए सहयोग से गरीब बच्चे संस्कार सहित शिक्षा प्राप्त करते हैं, जो आने वाले समय में राष्ट्र निर्माण में योगदान देंगे।

For More Info.

मुख्य संपादक : सुनील गुप्ता (राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री)
प्रकाशक : भारत लोक शिक्षा परिषद्
NS-15, FD Block, पीतमपुरा, दिल्ली- 110034
संपर्क सूत्र : 9999399063, 7827207665, 8448386443, ई मेल : administration@blspindia.org, वेबसाइट : www.ekalblspindia.org